AVAADA FOUNDATION

# पंजाब केसरी

## श्री जवाहर हाई स्कूल का होगा कायाकल्प, हुआ एमओयू साइन




**ग्रेटर नोएडा, (पंजाब केसरी):** शुक्रवार को ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अवादा फाउंडेशन ने दादरी के कोट गांव स्थित श्री जवाहर हाई स्कूल के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस पहल से सैकड़ों छात्रों को सुरक्षित, आधुनिक और बेहतर शिक्षण वातावरण मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।समझौते के तहत स्कूल में निम्न प्रमुख विकास कार्य किए जाएंगे:जर्जर कक्षाओं का पुनर्निर्माण,पाच किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल इंस्टॉल, आधुनिक टॉयलेट , ब्लॉक का निर्माण,नया वाटर स्टेशन स्थापित पूरा परिसर का सौंदर्यीकरण एवं रंगरोगन एमओयू पर हस्ताक्षर अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ऋतू पटवारी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी अतरपाल सिंह (प्रबंधक), प्रोफेसर सुनील शर्मा और चौधरी फोटू सिंह के बीच हुए। इस अवसर पर गाँव के प्रमुख लोग ओमप्रकाश नेता, श्यौराज सिंह, अजब सिंह प्रधान, सोनू प्रधान, कैलाश भड़ाना साथ ही अवादा फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर महेश कुमार माथुर भी उपस्थित रहे।